मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-202
21/04/2020

मुख्यमंत्री ने सिविल सेवा दिवस पर दी बधाई एवं शुभकामनाएं

पटना 21 अप्रैल 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सिविल सेवा दिवस के अवसर पर अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिविल सेवा दिवस पर मैं सभी सिविल सेवकों एवं उनके परिवारों को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। आपदा के समय लोगों को पूरी संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ मदद पहुँचाने की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। पूर्व में भी आप लोगों ने पूरी निष्ठा से कार्य करते हुये अपने दायित्वों का निर्वहन किया है तथा लोक कल्याणकारी नीतियों के क्रियान्वयन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कोरोना महामारी के खिलाफ जिस दृढ़ता एवं संकल्प के साथ आप सभी कार्य कर रहे हैं उसकी मैं सराहना करता हूँ। मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी कोरोना संक्रमण से उत्पन्न इस संकट के समय में लोगों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

******